हरिभूमि
# रतन भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026

तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

11 ग्रापं क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक...



12 गाडाघाट में श्री रामचरितमानस महायज्ञ का हुआ शुभारंभ





## खबर संक्षेप

### मकर संक्रांति पर बच्चों को वितरित किया तिल का लड्डू



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** मकर संक्रांति पर बुधवार को ग्राम परसदाखुर्द के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 के बच्चों के साथ आंगनबाड़ी सहायिका ओमबाई नेताम ने विधिवत भगवान शिवशंकर की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद बच्चों को तिल लड्डू का वितरण कर मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

### आज से उपसरपंचों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सभी शामिल हों: अध्यक्ष

**छुरा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 25-26 में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि उपसरपंचो का प्रशिक्षण 15 से 16 जनवरी तक आयोजित होगा। अध्यक्ष उपसरपंच संघ रुपनाथ बंजारे ने बताया हैं कि जनपद पंचायत के सभाकक्ष में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित होगी। जिला पंचायत गरियाबंद के निर्देशानुसार विकासखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी का प्रशिक्षण केंद्र में अपने अपने विभागीय कार्ययोजना गतिविधियों को विस्तारपूर्वक बताया जाएगा। उपसरपंचों के कर्तव्य दायित्व के बारे में भी अवगत कराएंगे। श्री बंजारे ने विकासखंड की सभी पंचायतों के उपसरपंचों को विशेष रूप से प्रशिक्षण में आने के लिए कहा है। ताकि अपने अधिकार क्षेत्र और विभिन विभागों की योजनाओं के बारे में जाना जा सकें।



### साहू समाज जेंजरा परिक्षेत्र का आज शपथग्रहण विधायक होंगे शामिल

**राजिम।** ग्राम जेंजरा में परिक्षेत्र साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 15 जनवरी को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू होंगे। प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व सांसद राज्य गृह भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष प्रवीण साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष नारायण साहू, राजिम तहसील साहू संघ के अध्यक्ष जगदीश साहू, फिंगेश्वर तहसील साहू संघ के अध्यक्ष खोमन साहू, राजिम तहसील साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष रामजी साहू, जनपद सदस्य हीरामणी साहू, सरपंच बोधन यादव कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।



### तीन दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ

**मैनपुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जनकल्याण हेतु महेन्द्रगिरी पर्वत श्रृंगि ऋशि आश्रम में आज से तीन दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन प्रारंभ किया गया है जिसमें मैनपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध आचार्य यज्ञकर्ता नंदकिशोर चौबे द्वारा पूजा अर्चना करवाई जा रही है।



### परसदा में आज मड़ई मेला छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम भी

**नवापारा-राजिम।** ग्राम परसदा में मड़ई मेला का आयोजन आज 15 जनवरी गुरुवार को होगा। रात्रिकालीन रंगधारा गरियाबंद का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी राजेश साहू व टीकू यादव ने दी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

हरिहर हाई स्कूल मैदान में भव्य मकर संक्रांति उत्सव आयोजन का शुभारंभ सामूहिक गीत से हुआ। भारत माता, संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार एवं द्वितीय सरसंघचालक पूज्य श्री गुरुजी के छायाचित्र पर तिलक-वंदन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर नगर संघचालक सनत चौधरी, डॉ केआर सिन्हा, गोपाल यादव, सह प्रांत कार्यवाह खेमलाल खूंटे, प्रांत सह संयोजक ग्राम विकास प्रमुख लोकनाथ साहू, जिला कार्यवाहक रायपुर श्याम सुंदर साहू, जिला बौद्धिक प्रमुख गरियाबंद मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोपाल यादव सह प्रांत कार्यवाह ने कहा कि विगत सौ वर्ष से संघ बिना स्वार्थ व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में कार्यरत है। शाखा के माध्यम से संस्कार अनुशासन समरसता और सेवा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा है। आपदा हो या सामाजिक चुनौती देश की सीमा हो या बस्ती संघ के स्वयंसेवक कर्तव्य भाव से राष्ट्र सेवा मानकर सबसे पहले खड़ा होता है। एकल गीत एवं अमृत वचन के पश्चात नगर सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख कैलाश साहू ने कहा कि मकर संक्रांति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छह प्रमुख उत्सवों में से एक है। यह पर्व भौगोलिक एवं वैदिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मकर संक्रांति जीवन की दिशा बदलने का संदेश है। आज सूर्य दक्षिणायन से ▶▶|शेष पेज 10 पर

## मकर संक्रांतिः जीवन का उत्तरायण, बुराइयों का त्याग और सद्गुण अपनाने की प्रेरणा

### अपने जीवन का करें उत्तरायण

मकर संक्रांति हमें प्रेरणा देती है कि हम भी अपने जीवन का उत्तरायण करें बुराइयों को त्यागें और सदगुण अपनाएं। डॉ के आर सिन्हा नगर सह संघचालक ने कहा कि लगभग आठ सौ वर्ष की विदेशी सत्ता आक्रमणों और औपनिवेशिक शासन ने भारत को केवल राजनीतिक रूप से नहीं मानसिक और सांस्कृतिक रूप से भी प्रभावित किया हमारी भाषा, इतिहास और परंपराओं को हीन दिखाने का प्रयास हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संगठन के माध्यम से ऐसे हीन भाव से हिंदू समाज को ऊपर उठाकर सामर्थ्य शाली बनाया। मकर संक्रांति पर हम संकल्प लें संस्कारवान नागरिक, समरस समाज और सशक्त भारत के निर्माण में अपने जीवन को समर्पित करेंगे। अतिथियों का परिचय प्रदीप मिश्रा सह नगर कार्यवाह द्वारा कराया गया।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र साहू ने किया एकल गीत धरम साहू ने गाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पोखराज साहू, योगेश यादव, एडिशन मालाकार, सोहेंद्र साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, परदेशी साहू, रविशंकर साहू, पवन सोनकर, शिव तिवारी, चंद्रहास देवांगन, संजय वनडलकर सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक गण उपस्थित रहे।

## पुराने प्रतिक्षालय और फ्रीजर की अव्यवस्था से यात्री परेशान

# मैनपुर बस स्टैंड में जरूरी सुविधाओं के नहीं रहने से यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- हाईमास्क लाइट वर्षों से बंद, शासन से प्रस्ताव लंबित

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के बस स्टैंड में जरूरी सुविधाओ के अभाव में यात्रियो को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है यहा दर्जनो से अधिक यात्री बस व वाहन प्रतिदिन आते है लेकिन यात्रियो को सुविधा नसीब नही होती जिसके कारण भारी परेशान हो रहे है।

मैनपुर के हृदय स्थल में बस स्टैंड वर्षो पुराना है लेकिन यहां सुविधा नाम की कोई चीज नही है बस स्टैंड में यात्रियों के लिए प्याऊ तक की व्यवस्था नही है और तो और पिछले पंचायत कार्यकाल में यात्री प्रतिक्षालय भवन को तोड़ देने के कारण यात्रिगण छोटे –छोटे बच्चो को लेकर खुले आसमान के नीचे वाहनो का इंतिजार करते नजर आते है चाहे ठंड का दिन हो या फिर गर्मी, बरसात यात्रियो के लिए यात्री प्रतिक्षालय की सुविधा नही है कहने को तो मैनपुर ब्लॉक, तहसील एवं अनुविभाग मुख्यालय है और यहां के बस स्टैंड में यात्री बस, टैक्सी, जीप सहित सैकड़ो वाहन प्रतिदिन पहुंचते है रायपुर, महासमुंद, छुरा, गरियाबंद, देवभोग, ओड़िशा, नगरी, सिहावा, धमतरी, जगदलपुर क्षेत्र से सैकड़ो यात्रिगणो का आना जाना लगा रहता है लेकिन बस ▶▶|शेष पेज 10 पर



### क्या कहते हैं अधिकारी

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी एस नागवंशी ने बताया बस स्टैंड मैनपुर में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने शासन स्तर पर प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।

### लाखों का फ्रीजर पड़ा है खराब

मैनपुर बस स्टैंड के थोड़े दूर एसडीएम कार्यालय के सामने लगभग 20 वर्श पहले प्याऊ घर बनाया गया है और इसमें 3 से 4 बार नया फ्रीजर खरीद कर लगाया गया है लेकिन फ्रीजर लगाने के बाद स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा ध्यान नही देने के कारण इसका लाभ ग्रामीणों को नही मिल रहा है। आसपास दुकानदारो द्वारा फ्रीजर के उपरी हिस्सा को खोलकर पानी डाल देने से कुछ लोगो को पानी मिलता है बाकी समय बंद रहता है जिसके कारण स्थानीय बस स्टैंड में पहुंचने वाले यात्रियो को पानी खरीद कर पीना पड़ता है।

### बस स्टैंड स्थित दो यात्री प्रतिक्षालय को तोड़ देने से हो रही परेशानी

मैनपुर बस स्टैंड में एक यात्री प्रतिक्षालय सन 1980 में निर्माण किया गया था इस यात्री प्रतिक्षालय को ग्राम पंचायत द्वारा 3 वर्श पहले तोड़ दिया गया और यहां नया यात्री प्रतिक्षालय निर्माण की बात कही गई थी लेकिन अब तक कोई कार्य प्रारंभ नही हुआ और तो और एसडीएम कार्यालय के सामने एक यात्री प्रतिक्षालय को दो वर्श पहले तोड़ दिया गया लाखो रूपये की लागत से निर्माण किये गये यात्री प्रतिक्षालय को तोड़ देने के कारण अब यहां भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है और यात्रियो को ठंड हो या बारिश या फिर तेज धूप में खुले आसमान के नीचे बैठकर वाहनो का इंतिजार करना पड़ता है।

### बस स्टैंड की हाईमास्क लाइट पड़ी है बंद

मैनपुर बस स्टैंड में रात के समय यात्रियो को सुविधा उपलब्ध कराने लाखो रूपये खर्च कर हाईमास्क लाइट लगाई गई थी लेकिन यह हाईमास्क लाइट वर्शो से खराब पड़ी है और तो और इसे सुधारने के लिए निकाला गया है लेकिन अब तक नही लगाया गया।

# तस्करी कर रहे पांच आरोपी गिरफ्तार, 19 किलो गांजा जब्त

**खास बातें**

- फिंगेश्वर पुलिस ने नाकाबंदी कर की कार्रवाई
- अवैध गांजा खरिदने वाला भी हुआ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

थाना प्रभारी फिंगेष्वर गौतम गावड़े को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि उडिसा से छुरा कुछ अवैध गांजा तस्कर छुरा रोड़ से छुईहा होते कुण्डेल तक पहूचे थे कि पहले से फिंगेश्वर थाना पुलिस बल पहले से नाका बंदी कर रखे थे। इधर गांजा की अवैध परिवहन करे को सामने पुलिस को भांपते अपनी सफारी वाहन को वापस मोड़कर तेजगति से छुईहा चरौदा मार्ग से फिंगेश्वर जा रहे थे को चैतरा बस्ती में वाहन को गांजा मय पकड़ लिया गया। जहां विधिवत कार्यवाही की गई।

बताया जा रहा है कि गांजा परिवहन एवं बिक्री करने के लिए आ रहा है। मुखबीर की सूचना तस्दीक पर थाना प्रभारी फिंगेष्वर के द्वारा थाना के सामने स्टाफ लगा कर संदिग्ध वाहन की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान मुखबीर द्वारा बताए गये वाहन के हुलिआ एवं नम्बर के ▶▶|शेष पेज 10 पर

### आरोपियों को किया गिरफ्तार कोर्ट में किया पेश

आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से अपराध धारा 20 (ख)एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान समस्त आरोपियों से पुछताछ करने पर अवैध गांजा को उडिसा से खरिद कर बिक्री करने हेतु आरोपी महेन्द्र वर्मा निवासी अभनपुर के पास ला रहे थे। आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान एण्ड टू एण्ड कार्यवाही करते हुए अवैध गांजा मादक पदार्थ खरिदने वाले की पता तलाष हेतु थाना फिंगेष्वर से तत्काल अभनपुर जिला रायपुर पहुच कर अवैध गांजा क्रेता महेन्द्र वर्मा पिता रामकुमार वर्मा उम्र 27 वर्ष निवासी अभनपुर को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार प्रकरण में पाँचों आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेष कीया गया।

# ज्वेलरी शॉप में 52 लाख की चोरी से व्यापारियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

- व्यापारी बैठक में पुलिस पर आक्रोश, सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल
- तत्काल गिरफ्तारी और रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की मांग, शहर में असुरक्षा का माहौल

शहर में सोमवार की रात कमलेश क्लाथ एवं ज्वेलरी शॉप में हुई करीब 52 लाख रुपये की सनसनीखेज चोरी ने व्यापारिक जगत को हिला कर रख दिया है। इस बड़ी वारदात को लेकर सराफा एसोसिएशन और चेम्बर ऑफ कॉमर्स की मौजूदगी में व्यापारियों की एक अहम बैठक बुधवार देर रात तक चली। बैठक में मौजूद व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के प्रति तीखा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार हो रही चोरी की घटनाएं शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। व्यापारियों का कहना था कि इतनी बड़ी चोरी के बाद भी यदि आरोपी जल्द नहीं पकड़े गए तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे। व्यापारियों ने चोरी के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी व बाजार क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। फिलहाल पूरे शहर के व्यापारी वर्ग एवं नागरिकों में चोरी की इस बड़ी घटना को लेकर भारी रोष और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। बैठक ▶▶|शेष पेज 10 पर



# उरमाल ओपेरा डांस मामले में ओडिशा से एक डांसर गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- धर्मशाला थाने से निजी मुचालके में हुई रिहा
- मामले में एसडीएम हटाए गए, सस्पेंड हो चुके हैं तीन पुलिसकर्मी

ओपेरा कार्यक्रम में अश्लील डांस मामले में पुलिस ने ओडिशा की एक डांसर को उसके गांव से गिरफ्तार किया है। डांसर को धर्मशाला थाना में पेश किया गया, जिसके बाद उसे निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया। डांसर ने 8 जनवरी को मैनपुर विकासखंड के उरमाल ओपेरा कार्यक्रम में डांस किया था। मामले में अब तक 14 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार इस मामले में आयोजकों के खिलाफ दर्ज एफआईआर में डांसर को सह-आरोपी बनाया गया है पुलिस अभी भी ओडिशा में मौजूद है। 9 जनवरी को ऑर्केस्ट्रा में डांस करने वाली एक अन्य डांसर की तलाश कर रही है। कार्यक्रम से पहले एक वीडियो जारी कर भीड़ जुटाने की अपील की थी। दरअसल गरियाबंद जिले में ऑर्केस्ट्रा की डांसर्स ने अश्लील डांस किया था। कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम और पुलिसकर्मी पैसे लुटाते रहे। अश्लील डांस के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इसके बाद गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने एसडीएम तुलसी दास मरकाम को हटा दिया है। एसडीएम के खिलाफ जांच कमेटी बनाई गई। मामले में आयोजन समिति के 14 सदस्य गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इससे पहले पुलिस अधीक्षक गरियाबंद वेदव्रत सिरमौर्य ने देवभोग थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक डिलोचन रावटे, आरक्षक शुभम चौहान और आरक्षक जय कंसारी को सस्पेंड किया था।



### *400 रुपए थी टिकट डांसर्स की फीस 60 हजार*

*मिली जानकारी के अनुसार डांस कार्यक्रम 8, 9 और 10 जनवरी को निर्धारित था। कार्यक्रम में ओडिशा से डांसर्स बुलाई गईं थीं। बार डांसरों की एक दिन की 60 हजार फीस थी। कार्यक्रम में 200 से 400 रुपए तक प्रति व्यक्ति टिकट रखा गया था। स्टेज पर डांसर की प्रस्तुति के दौरान कपड़े कम होते गए और जमकर अश्लीलता बढ़ती गई। पंडाल के अंदर भीड़ बेकाबू थी। इसमें अफसर, पुलिसकर्मी, जनप्रतिनिधि हर वर्ग के लोग शामिल थे।*

## परिसर का निरीक्षण कर कलेक्टर ने तत्काल नाली निर्माण का दिया था आदेश

# आदिवासी बालक आश्रम में गंदा पानी जमा, छात्र-छात्राएं परेशान, गंदगी से संक्रमण फैलने का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- निर्देशों का नहीं हुआ पालन

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के बीचो बीच स्थित आदिवासी बालक आश्रम प्री मैट्रिक छात्रवास, पोस्ट मैट्रिक छात्रवास एवं कन्या छात्रवास चार छात्रवास एक परिसर में संचालित हो रहा है लेकिन परिसर में गंदापानी निकासी की व्यवस्था नही होने के कारण गंदा पानी मैदान में भर गया है और कीचड़ में तब्दील हो गया है साथ ही इससे उठने वाले दुर्गन्ध बदबु से आश्रम के छात्र छात्रएं परेशान है। इस परिसर में लगभग 500 छात्र छात्रएं अध्यनरत है। ज्ञात हो कि 20 दिसम्बर को मैनपुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने इस समस्या से गरियाबंद कलेक्टर को अवगत कराया था तो कलेक्टर भगवान सिंह उइके स्वयं आश्रम का निरीक्षण कर जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन ▶▶|शेष पेज 10 पर




### मांगः जिम्मेदार अधिकारियों पर हो कार्यवाई

जिले के कलेक्टर के जब आदेशो का पालन स्थानीय अधिकारियो द्वारा नही किया जा रहा है तो इस बात को आसानी से समझा जा सकता है कि वनांचल दूरस्थ क्षेत्र से आने वाले ग्रामीणों की समस्याओ को कितना गंभीरता से स्थानीय अधिकारी लेते होंगे। मैनपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो ने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके से मांग किया है कि यहां कलेक्टर के आदेशो का पालन नही करने वाले जिम्मेदार अधिकारियो पर कार्यवाही किया जाये साथ ही आश्रम परिसर से गंदगी और कीचड़युक्त पानी को बाहर निकासी की तत्काल व्यवस्था किया जाये नही तो भी संक्रमक बीमारी फैलने का अंदेशा है जिसके लिए कौन जिम्मेदार होगा।

# नवनिर्मित श्रीराम जानकी मंदिर में सीएम साय ने स्थापित की धर्मध्वजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

- रामाधार साहू को मिला उत्कृष्ट कृषक पुरस्कार, खेती में नवाचारों की सराहना

विगत दिनों चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम परिसर में नवनिर्मित श्री राम जानकी मंदिर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधिवत पूजा-अर्चना कर धर्मध्वजा की स्थापना की तथा प्रदेश की और सुख-समृद्धि खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंच से ग्राम पंचायत सेन्दर के पूर्व सरपंच रामाधार साहू को उत्कृष्ट ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास के 30 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रमाणपत्र का वितरण



**कोपरा।** नगर पंचायत बनने और चुनाव के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची बुधवार को जारी की गई। इसके तहत पीएम आवास योजना 2.0 (शहरी) के अंतर्गत नगर के 15 वार्डों के 30 पात्र हितग्राहियों को भवन निर्माण हेतु अनुज्ञा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। भवन अनुज्ञा मिलने से हितग्राहियों में खुशी देखी गई, वहीं सूची में नाम न आने से कुछ लोगों में मायूसी भी रही। इस अवसर पर उपाध्यक्ष तारणी सेन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्यामलाल वर्मा, इंजीनियर झनक लाल उइके, वास्तुविद विकास कुमार हरबंश सहित पार्षद एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

### डोंगरीपाली में मड़ई मेला 18 को

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत मामाभांचा के आश्रित ग्राम डोंगरीपाली में मड़ई मेला का आयोजन 18 जनवरी 2026 को किया गया है। जिसमें रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी लोक कला नवरंग नांच पार्टी मौलीभाठा (ओडिशा) का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील समस्त ग्रामवासी एवं ग्रामीण विकास समिति ग्राम डोगरीपाली ने की है। उक्त जानकारी ग्रामीण सभा विकास समिति के कोषाध्यक्ष हेमन कुमार साहू ने दी है।

### लाफिनखुर्द स्कूल में विवेकानंद जयंती पर हुई निबंध एवं भाषण स्पर्धा

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य एवं व्याख्याताओं द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पार्चन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लीशा साहू द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय गीत से हुई। पश्चात छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी, विचारों एवं चरित्र पर प्रकाश डाला। मोनिका एवं वर्षा साहू ने भाषण के माध्यम से तथा डिगेश्वरी पटेल ने कविता के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए।

### जिला स्तरीय गौधाम समिति की हुई बैठक

**महासमुंद।** प्रदेश में निराश्रित, घुमंतू तथा कृषिक पशुओं के संरक्षण, संवर्धन एवं विस्थापन के लिए शासन द्वारा गौधाम योजना स्वीकृत की गई है। इसी कड़ी में योजना के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जिला स्तरीय गौधाम समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू मौजूद रहे। बैठक में गौधाम के संचालन, संबंधित संस्था के चयन तथा उनके दायित्वों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जानकारी दी गई कि प्रत्येक विकासखंड में गौठानों का चयन कर गौधाम स्थापना के लिए प्राप्त आवेदनों को विकासखंड समिति की अनुशंसा के साथ जिला स्तरीय समिति एवं कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# गरियाबंद जिले में कांग्रेस कमेटी ने घोषित किए ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इसी क्रम में गरियाबंद जिले के विभिन्न विकासखंडों के लिए अध्यक्षों के नाम घोषित किए गए हैं। खास बात यह है कि जिले में चार पदाधिकारियों पर पार्टी ने दूसरी बार भरोसा जताते हुए उन्हें पुनः अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

जारी सूची के अनुसार फिंगेश्वर से रूपेश साहू, मैनपुर से रामकृष्ण ध्रुव, अमलीपदर से ललिता यादव तथा गरियाबंद नगर से प्रेम सोनवानी को दोबारा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन में इनके कार्यकाल को संतोषजनक मानते हुए पार्टी नेतृत्व ने इन्हें पुनः जिम्मेदारी सौंपी है। जिला कांग्रेस संगठन का कहना है कि पुनर्नियुक्त पदाधिकारियों के अनुभव का लाभ संगठन को मिलेगा और वे आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। नियुक्तियों के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

**गरियाबंद जिले के नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष**

- गरियाबंद – अमित मिरी
- छुरा – महेश्वरी शाह
- मैनपुर –रामकृष्ण ध्रुव (द्वितीय कार्यकाल)
- फिंगेश्वर (राजिम) – रूपेश साहू (द्वितीय कार्यकाल)
- देवभोग – भूपेन्द्र मांझी
- अमलीपदर – ललिता यादव (द्वितीय कार्यकाल)
- गरियाबंद नगर – प्रेम सोनवानी (द्वितीय कार्यकाल)

**चार पदाधिकारियों पर पार्टी ने जताया दोबारा भरोसा**



**बैठक: सभी ग्राम पंचायतों में होगा चरणबद्ध प्रदर्शन**

# मनरेगा योजना का नाम परिवर्तन विरोध में कांग्रेस करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मनरेगा योजना के नाम परिवर्तन के विरोध में "मनरेगा बचाओ संग्राम" कार्यक्रम को लेकर छुरा ब्लाक में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त छुरा ब्लाक प्रभारी सुघरमल आंड़ेजी एवं सहप्रभारी कमलेश यदु की उपस्थिति में ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरा के तत्वावधान में संपन्न हुई।

बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि छुरा ब्लाक की सभी ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध रूप से प्रदर्शन एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए आंदोलन को व्यापक और प्रभावी बनाने पर विशेष चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा है। योजना के नाम में परिवर्तन करना केवल नाम बदलने की कोशिश नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के विचारों और उनकी विरासत को मिटाने का प्रयास है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी।





**ये रहे उपस्थित**–इस अवसर पर प्रमुख रूप से यशपेंद्र शाह, महेश्वरी शाह, महामंत्री प्रह्लाद यादव, समद खान, रमेश शर्मा, न्याज अहमद, शमीम खान, अवधराम साहू, धनसाय निषाद, चमन साहू, बुढ़ान ठाकुर, नीलकंठ ठाकुर, डॉ. वाय. के. चन्द्राकर, देव सिंह नेताम, भानुप्रताप वर्मा, गजेन्द्र ठाकुर, केवल साहू, अमृत निर्मलकर, दीपक चंद्राकर, सालिक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**किसानों और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए करेंगे संघर्ष: मिश्रा**

ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा मजदूरों, किसानों और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। वरिष्ठ नेता नथमल शर्मा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनहित की योजनाओं से जुड़े नाम बदलकर सरकार जनता का ध्यान मूल समस्याओं से भटकाना चाहती है। बैठक में महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू ध्रुव ने कहा कि मनरेगा से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है और इस योजना के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्षद दीप्ति यादव एवं सरपंच संघ अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव ने पंचायत स्तर पर आंदोलन को मजबूत करने का आह्वान किया।

# मड़ई मेला छत्तीसगढ़ की पारंपरिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा: लेखराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम कामराज में ग्रामवासियो द्वारा देव मड़ई का आयोजन रखा गया था। मड़ई मेला कार्यक्रम मे मुख्यातिथि के रूप मे जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा, विशेष अतिथि के रूप मे रामलाल कुलदीप,पेंड्रा सरपंच ,बिगेंद्र ठाकुर कांग्रेस अध्यक्ष रसेला,अजय ठाकुर आदि शामिल हुए ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि लेखराज ध्रुवा ने कहा, मड़ई मेला छत्तीसगढ़ की पारंपरिक और सांस्कृतिक धरोहर का विभिन्न हिस्सा है यह मेला न केवल ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं का उत्सव है बल्कि छत्तीसगढ़ की लोककला संगीत,नृत्य और लोकजीवन की झलक भी प्रस्तुत करता है। बिगेंद्र ठाकुर ने अपने उदबोधन मे कहा की कामराज के लोगों के स्नेह और आमंत्रण से इस देव मड़ई मेला मे शामिल होकर देवी देवता का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य मिला इस पारंपरिक मेले ने बचपन की यादों को ताजा कर दिया, ऐसे आयोजन ही हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखते हैं, समाज को एकजुटता का संदेश देते हैं। मड़ई मेला मे बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल होकर देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर ग्राम पटेल टीकम सिंह ठाकुर, ग्राम प्रमुख सुरेन्द्र नेताम,मनीचंद ठाकुर, आलाराम ठाकुर, आत्माराम ठाकुर, वरुण ठाकुर, यशवंत ठाकुर, अश्वनी ठाकुर, सोहद्रा बाई नागेश, आराधना ठाकुर, खेदी बाई ठाकुर एवं समस्त ग्रामवासी महिला मंडल के लोग उपस्थित थे।

# माहेश्वरी शाह बनी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की बहुप्रतीक्षित सूची जारी करी, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर राजमहल से महेश्वरी शाह को अध्यक्ष बनाया गया, जिससे समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर सभी कार्यकर्ताओं ने महेश्वरी शाह को बधाई दी।

महेश्वरी शाह के अध्यक्ष बनने पर संगठन में मजबूती आएगी। महेश्वरी शाह ने कहा कि पार्टी ने मुझ पर भरोसा कर के जो पद दिया है मैं उस भरोसे पे खरा उतरूंगी और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। उन्होंने अपने नियुक्ति के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला और जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा का आभार व्यक्त किया है, कार्यकर्ता नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को उनके घर जाकर बधाई दी।

**ये रहे मौजूद**–जिसमें अब्दुल समद खान रिजवी जिला उपाध्यक्ष, भानु प्रताप वर्मा, अब्दुल शमीम खान उपाध्यक्ष नगर पंचायत, हरीश यादव नेता प्रतिपक्ष, सलीम मेमन पार्षद नगर पंचायत , देव सिंग नेताम पार्षद, पंचराम टंडन पार्षद, दीप्ति यादव पार्षद, चेतन ठाकुर मंडल अध्यक्ष, गजेंद्र ठाकुर मंडल अध्यक्ष गिरधारी ध्रुव, नीलकंठ ठाकुर सर्व आदिवासी समाज, राजू यादव, लक्की यादव युवा नेता आदि थे।

# जीरामजी योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी बहुत ज्यादा मजबूती: योगिता

**नवापारा-राजिम।** केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण भारत के विकास के लिए बनाई गई जी राम जी योजना को प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा सदस्य योगिता सिन्हा ने जनकल्याणकारी एवं ग्रामीण भारत के विकास के लिए लाभकारी बताया है। उन्होंने कहा कि जीरामजी अधिनियम से रोजगार की वैधानिक गारंटी 125 दिनों तक बढ़ेगी। भविष्य की अगुवाई पंचायत करेगी। योजना बनाने की शक्ति ग्राम सभा और पंचायत के पास रहेगी। जी राम जी विधेयक 2047 के विजन के अनुरूप तैयार किया गया है। सशक्तिकरण और विकास के सिद्धांतों पर आधारित यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को केवल एक कल्याणकारी योजना से आगे बढ़कर विकास का एकीकृत माध्यम बनाता है। यह ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा को सुदृढ़ करता है। शासन और जवाबदारी को आधुनिक बनाता है। मजदूरी रोजगार को टिकाऊ और उत्पादक ग्रामीण परिसंपत्तियों के सृजन से जोड़ता है। जिससे समृद्ध और सक्षम ग्रामीण भारत को और अधिक मजबूत मिलेगी। जी राम जी ग्रामीण क्षेत्र के स्वरोजगार और छोटे व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई है। इस योजना के अंतर्गत पशुपालन, कृषि, लघु उद्योग, सेवा और व्यापार से जुड़े अनेक कार्यों के लिए बैंक लोन और सरकारी सहायता उपलब्ध होने में सहायता मिलेगी। जी राम जी योजना ग्रामीण भारत के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। योजना के क्रियान्वयन से देश विकसित भारत के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगा।



# नगर में विश्व हिंदू परिषद की प्रांत बैठक 16 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व हिंदू परिषद की प्रांत बैठक 16, 17, एवं 18 जनवरी को बागबाहरा रोड स्थित अंबेडकर मांगलिक भवन में आयोजित है। आयोजन को लेकर विश्व हिंदू परिषद महासमुंद की आवश्यक बैठक स्वाध्याय भवन में रखी गई। जिसमें बैठक को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपा गया।

बैठक में विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ के सभी विभाग मंत्री एवं सभी जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री, बजरंग दल के जिला संयोजक, मातृशक्ति के जिला संयोजिका, दुर्गा वाहिनी के जिला संयोजिका, सभी जिला के जिला सत्संग प्रमुख एवं विश्व हिंदू परिषद के सभी आयाम के प्रांत प्रमुख उपस्थित रहेंगे।

इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन प्रमुख जितेन्द्र पवार, छत्तीसगढ़ के प्रांत मंत्री पूर्णेदू सिन्हा, सह प्रांत मंत्री नंदू साहू एवं मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय सत्संग प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, क्षेत्रीय सेवा प्रमुख विभूतिभूषण पांडे बैठक में उपस्थित रहेंगे। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के आगामी 6 महीने का कार्य योजना तैयार की जाएगी एवं विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की कार्य को गति प्रदान करने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश जारी की जाएगी। बैठक में पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग 300 कार्यकर्ता उपस्थित रहने की संभावना है। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद हर्षवर्धन चंद्राकर ने दी है।

# गायत्री शक्तिपीठ और मुढ़ेना में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**महासमुंद।** गायत्री परिवार द्वारा युवा संन्यासी एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। इसी क्रम में गायत्री प्रज्ञा पीठ मुढ़ेना में कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समन्वयक बोधराम साहू एवं हीरालाल साहू द्वारा दीप प्रज्वलन कर तथा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हीरालाल साहू एवं भारत साहू ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख किया तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृष लाल साहू, गेसूराम साहू, नेहरू साहू (महासमुंद), नरेश साहू, भारत साहू, साक्षी मेश्राम, जगमोहन साहू, परिब्राजक महादेव सहित आसपास के ग्रामों से आए युवा भाई-बहन एवं परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संध्याकालीन आरती के पश्चात गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में भी युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत प्रस्तुति के उपरांत नरेश साहू एवं भारत साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला युवा प्रकोष्ठ के भारत साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में दिए गए उनके ऐतिहासिक संबोधन की जानकारी दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से युवाओं को प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में रिखीराम साहू, जगमोहन साहू, नरेश साहू, राधेश्याम सोनी, भारत साहू, कुमारेश श्रीवास्तव, धनीराम भूखन सहित अनेक युवा साथी उपस्थित रहे।

# गुड शेफर्ड में में रोसेयो स्थापना एवं राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का स्थापना एवं राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य "मैं नहीं, आप" के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला के डायरेक्टर डॉ जार्ज रावटे ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि युवाओं की शक्ति से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। शाला के प्राचार्य एम निवास राव ने युवाओं को अनुशासन, सेवा, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा भाषण, निबंध पाठ, विचार अभिव्यक्ति एवं प्रेरक संदेश प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित अपने विचार साझा किए। शाला की उप-प्राचार्य मिताली गुरुंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, सेवा भावना एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना है। हायर सेक्शन की सोनल एवं श्रेया गिलहरे ने अपने भाषण में कहा कि स्वामी विवेकानंद की जीवनी हमें देश के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा देती है। हम युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के आदर्श पर चलने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डाली शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, एनएसएस प्रभारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## पेज 9 के शेष...

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ...

उत्तरायण में आ गया। अर्थात अंधकार से प्रकाश की ओर निराशा से आशा की ओर और आलस्य से पुरुषार्थ की ओर, हमारे जीवन में भी कई बार विचार, संस्कार और आदतें गलत दिशा में चली जाती हैं।

### मैनपुर बस स्टैंड...

स्टैंड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव लंबे समय से बना हुआ है और तो और यात्रिगणो के लिए सर्वाजनिक प्याऊ नही होने के कारण यात्रिगणो को दुकान से पानी बाटल और पाउस खरीद कर पीना पड़ता है। लंबे समय से नगर व क्षेत्र के लोगो के द्वारा मैनपुर बस स्टैंड में सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया जा रहा है लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर अब तक न तो शासन प्रशासन ध्यान दे रही है न ही स्थानीय संबंधित अधिकारियों द्वारा जिसके कारण लोगो को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।

### अवैध रूप से गांजा...

आधार पर संदिग्ध वाहन को रोकर समक्ष गवाहन के वाहन चालक एवं वाहन में बैठे व्यक्तियों से नाम पता पुछने पर अपना नाम 01) अजय साहू पिता शंकर लाल साहू उम्र 35 वर्ष पता वार्ड नंबर 17 हसदा चौकी बड़ी करेली थाना मगरलोड जिला धमतरी 02) अंगद राम गायकवाड पिता स्व. रामू गायकवाड उम्र 50 वर्ष पता हसदा थाना मगरलोड जिला धमतरी एवं दो विधि से संघर्षरत बालक सही 04 व्यक्ति घटना स्थल पर उपस्थित मिले। मौके पर वाहन का तलाषी लेने वर वाहन के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा होना पाया गया। जिसे समक्ष गवाहन के तौल कराने पर 19 किलो 400 ग्राम कीमती 09 लाख 70 हजार घटना में प्रयुक्त वाहन टाटा सफारी क्रमांक सीजी 04 एमडी. 5000 कीमती 03 लाख रूपये, 03 नग मोबाइल कीमती 30 हजार कुल कीमती 13 लाख रूपये को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

### ज्वेलरी शॉप में...

में मौजूद व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि शहर में बढ़ती चोरी और अपराध की घटनाएं पुलिस व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। इतनी बड़ी वारदात के बाद भी अपराधियों का बेखौफ होना सुरक्षा तंत्र की गंभीर विफलता को दर्शाता है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि बाजार क्षेत्रों में रात्रिकालीन पुलिस गश्त, सीसीटीवी निगरानी और संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई आवश्यक है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू ने बैठक में मौजूद नवापारा टीआई दीपेश जायसवाल से कहा कि चोरी की इस बड़ी घटना को गंभीरता से लें। टीआई श्री जायसवाल ने इस घटना को लेकर पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयास की जानकारी दी।

**बैठक में ये रहे मौजूद**–बैठक में विशेष रूप से पीसीसी के पूर्व चीफ धनेन्द्र साहू, भाजपा प्रदेश कार्यालय के प्रभारी अशोक बजाज, नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष जनक कंसारी, उपाध्यक्ष प्रफुल्ला बोथरा, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जवाहर जीवनानी, संजय बंगानी, सहदेव कंसारी, राजा पारख, शशांक कंसारी, आशीष टाटिया, श्याम अठवानी, राजा चांवला, रूपेन्द्र चंद्राकर, धीरज साहू, अशोक गोलछा, राजू काबरा सहित बड़ी संख्या में शहर के व्यापारी मौजूद थे।

### आदिवासी बालक आश्रम...

अधिकारी के साथ सहायक आयुक्त गरियाबंद को तत्काल आश्रम परिसर में जाम हो रहे पानी को निकासी के लिए नाली निर्माण की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था साथ ही आश्रम के आसपास अतिक्रमण हटाने का भी निर्देश दिया था। कलेक्टर भगवान सिंह उइके स्वयं पैदल निरीक्षण कर बच्चो की समस्या को देखते हुए दो दिनो के भीतर अस्थायी नाली निर्माण करने का सख्त निर्देश दिया था लेकिन आज 25 दिनो बाद भी गरियाबंद कलेक्टर के निर्देशो का पालन संबंधित अधिकारियों द्वारा नही किया गया।

### नवनिर्मित श्रीराम जानकी...

कृषक के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, राजिम विधानसभा विधायक रोहित साहू, विधायक दीपेश साहू एवं महामंडलेश्वर गोवर्धन शरण के करकमलों से प्रदान किया गया। रामाधार साहू द्वारा खेती में किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए अतिथियों ने बताया कि वे प्रतिवर्ष फसल चक्र पद्धति अपनाते हैं। खरीफ सत्र में धान की खेती के बाद रबी सत्र में चना, मूंगफली, रागी जैसी विविध फसलों का उत्पादन कर वे कृषि को लाभकारी बना रहे हैं। नई-नई फसलों के प्रयोग और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। धार्मिक वातावरण और सम्मान समारोह ने आयोजन को गरिमामय बना दिया।

## खबर संक्षेप

### एकल श्री हरि वनवासी नवीन रथ का नवापारा में उदघाटन



**नवापारा-राजिम।** एकल श्री हरि वनवासी विकास ट्रस्ट मुंबई से आए नवीन रथ का उदघाटन संभाग रथ प्रभारी अशोक तिवारी, भाग अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, सचिव प्रफुल्ल दुबे, संरक्षक गोपाल यादव, उपाध्यक्ष अनुराधा सारडा, ललित पांडे एवं विशेष अतिथि के रूप में बिलासआए सचिव डी एस राजपूत, कोषाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, रोहन साहू, ओमकार राजपूत, श्याम जी एवं भाग अभियान प्रमुख करन मरावी, संभाग कार्यालय प्रमुख राजकुमार श्याम, भाग कार्यालय प्रमुख टीकम निषाद, रथ आयोजन प्रमुख ताराचंद पटेल , रथ सारथी सनत साहू, व्यास प्रेमा ठाकुर, डोमन नेताम, सूरज नेताम की मौजूदगी में पूजा अर्चना कर किया गया। यह रथ दुर्गा देवी लादूराम मनिका राम की स्मृति में चंदा देवी हरिप्रसाद अग्रवाल मुंबई द्वारा प्रदान किया गया है जो वनांचल क्षेत्र में जाकर राम मंदिर अयोध्या धाम एवं श्री रामचंद्र जी का दर्शन कराते हैं।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** स्कूटी से शराब परिवहन कर रहे दो लोगों के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति गढपटनी जाने के मार्ग में शराब भट्ठी से अपने वाहन बिना नंबर पीले रंग वाली स्कूटी एक्टिवा में बिक्री हेतु अवैध रूप से प्लेन शराब लेकर निकलने वाले है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर आरोपियों को रूकवाकर पूछताछ की गई जिस पर उन्होंने अपने नाम सुनील अग्रवाल एवं सुरेश अग्रवाल बताए। आरोपियों के कब्जे से 55 नग शोले देशी प्लेन शराब कीमत 4,400 रुपए जब्त किया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट से एक घायल

**महासमुंद।** रकम वापस मांगने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अंजोर विश्वकर्मा पटेवा निवासी ग्राम नवागांव ने बताया कि 13 जनवरी की दोपहर करीबन 1.30 बजे वह अपने घर के सामने काम कर रहा था, तभी गांव का महेश खडिया आया और तुम्हें 500 रुपए दिया हूं वापस नहीं दे रहा है, कहकर गाली गलौज करते हुए हाथ-मुक्का व ईंट के टुकड़े से मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### सिलेंडर ब्लास्ट मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बीते दिनों एनएच 53 में पिकअप में भरी सिलेंडर में आग लगने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी जाधव प्रधान पिता रोहित प्रधान (30 साल) बरडीह थाना बसना ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह बीएससीपीएल कंपनी छुईपाली टोल प्लाजा में कार्यरत हैं।

# जनपद पंचायत के सारे काम पारदर्शिता के साथ हो रहे हैं: मीरा

## जपं अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने उपाध्यक्ष के आरोप किए सिरे से खारिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

जनपद पंचायत की अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनपद उपाध्यक्ष के द्वारा लगाए गए सभी आरोप को खारिज किया गया, वहीं प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जनपद उपाध्यक्ष प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंच गए और अपने बात रखने की कोशिश की, जिस पर पत्रकारों ने आपत्ति दर्ज की। जिसके चलते उपाध्यक्ष के व्यवहार सभी पत्रकारों ने निंदा की है।

- उपाध्यक्ष के अमर्यादित आचरण की पत्रकारों ने की निंदा

जनपद उपाध्यक्ष द्वारा विभिन्न आरोपों के लिए ही जनपद के अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया था जिसमें जनपद उपाध्यक्ष द्वारा जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी पर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हे पूरी तरह बेबुनियाद और निराधार बताया है। जनपद पंचायत में होने वाले हर कार्य नियमों, प्रकिया और पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की अनियमितता या पक्षपात का सवाल ही नही उठता। आरोपों का न तो कोई ठोस आधार है और न ही किसी प्रकार का प्रमाण। जनपद पंचायत का प्रशासनिक तंत्र पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है और सी.ई.ओ. द्वारा सभी योजनाओं एवं कार्यों का संचालन शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है। जनता के हित से जुड़े विकास कार्यों को रोकने या राजनीतिक रंग देने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है।

### अधिकारियों के द्वारा मार्गदर्शन में हुई नियुक्ति, आरोप निराधारः मीरा

उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष द्वारा बिलों का फर्जी वाड़ा एवं जनपद पंचायत में नियुक्ति को लेकर लगातार आरोप लगाया गया है उन्होंने कहा कि जनपद के बिलों में किसी प्रकार के फर्जी वाड़ा नहीं किया गया है साथ जिस कर्मचारी की नियुक्ति अवैध बताया जा रहा है उसे जिला पंचायत के अधिकारियों के द्वारा मार्गदर्शन लेकर 15वे राशि से कार्य पर रखा जाना है उसे नियम के तहत उन्हें रखा गया है इस प्रकार जनपद उपाध्यक्ष द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार है।



### ये रहे उपस्थित

जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर के साथ जनपद सदस्य गण पंकज निर्मलकर, अवध राम साहू, पुष्पलता सिन्हा, दुलारी साहू, पार्वती ध्रुव, मुंगेश्वरी ठाकुर, विमला नागेश, लच्छन नेताम, विष्णु नागेश,भेष मति साहू उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन आवास एवं मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता की हुई समीक्षा

# ग्रापं क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायत बहेराबुड़ा के आश्रित ग्राम भेजराडीह में निर्मित सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने सरपंच एवं ग्राम पटेल सहित अन्य ग्रामवासियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से शौचालयों के नियमित उपयोग के बारे में जानकारी ली और संबंधितो को इनके सही ढंग से रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत घुटकूनवापारा में मनरेगा के तहत स्वीकृत नाली मरम्मत एवं गहरीकरण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए।

- स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में दवा उपलब्धता व साफ-सफाई व्यवस्था का हुआ निरीक्षण





शौचालयों के साथ-साथ सीईओ ने गांव में निर्माणाधीन आवासों का भी जायजा लिया। उन्होंने हितग्राहियों और विभागीय कर्मचारियों को निर्देश दिया कि आवासों का निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। प्रधानमंत्री जनमन योजना के प्रति संजीदगी दिखाते हुए सीईओ श्री प्रखर चंद्राकर ग्राम पंचायत हरदी पहुंचे। यहाँ उन्होंने निर्माणाधीन जनमन आवासों का घर-घर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से बात की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आवास निर्माण का कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किया जाए ताकि पात्र परिवारों को जल्द से जल्द छत मिल सके। स्वास्थ्य सुविधाओं का औचक निरीक्षण दौरे के दौरान उन्होंने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में दवाइयों की उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति और साफ-सफाई की व्यवस्था देखी, ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

**ये रहे उपस्थित**-इस दौरान जनपद पंचायत गरियाबंद के सीईओ के. एस. नागेश, समन्वयक (स्वच्छ भारत मिशन) परवेज हनफी, शंकुल समन्वयक लता निषाद, मनरेगा प्रोग्राम अधिकारी मोहम्मद सिराज, सहायक परियोजना अधिकारी अमजद जाफरी, ग्राम पटवारी और अन्य स्थानीय कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

# रामा बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

रामा यादव को नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। उनके इस नियुक्ति पर कांग्रेसजनो ने बधाई दी है। बधाई देने वालो में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलेट,छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज, पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के पूर्व अध्यक्ष सौरभ शर्मा ,पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी,पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह , पूर्व सभापति रमेश तिवारी, नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ,पार्षद दीपाली राजपूत ,अजय साहू ,हेमंत साहनी ,अर्जुन साहू ,फागूराम देवांगन ,रामरतन निषाद ,तरुण कंसारी ,टिकेश्वर गिलहरे ,अजय कोचर ,संदीप पारख ,चंद्रहास साहू ,निर्माण यादव ,शाहिद रजा ,विक्की साहू ,राजा ठाकुर ,आशीष गुप्ता ,अनूप खरे ,मंगराज सोनकर ,रामकुमार शर्मा ,विजय तारक ,राजा चावला ,राकेश सोनकर ,मुरली राजपूत ,अतुल ठाकुर ,बल्लू साहू ,अजय साहू ,शेखर साहू ,वीरेंद्र राजपूत ,प्रदीप साहू ,बल्लू देवांगन ,गोल्डी पारख ,प्रतीक साहू सहित कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी,महिला कांग्रेस के पदाधिकारी ,एनएसयुआई के पदाधिकारी,युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारियो ने उन्हें बधाई दी है। अपनी नियुक्ति पर रामा यादव ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे वे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे और कांग्रेस को मजबूत करेंगे।

# ऑनलाइन टोकन बंद कर सरकार किसानों से धान नहीं खरीदना चाहती: रुद्रसेन सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद



आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रुद्रसेन सिन्हा ने राज्य की भाजपा सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में ऑनलाइन टोकन व्यवस्था को बंद करना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि सरकार प्रदेश के किसानों से धान नहीं खरीदना चाहती।

सिन्हा ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रक्रिया को जानबूझकर बाधित किया जा रहा है, जबकि खरीफ सीजन की धान खरीदी 31 जनवरी तक होनी है। ऐसे समय में ऑनलाइन टोकन व्यवस्था बंद करना किसानों के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने सवाल उठाया कि पहले टोकन काटने से पूर्व किसानों के घर जाकर धान का सत्यापन किया जाता था, फिर टोकन जारी होता था—तो क्या प्रदेश के किसान चोर हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट तय कर दी है, जिसके कारण इस वर्ष लगभग सभी समितियों में अपेक्षाकृत कम धान की खरीदी हुई है। इससे साफ है कि सरकार की मंशा किसानों से धान खरीदने की नहीं है।

- "धान को चूहे खा गए" मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप
- रकबा समर्पण का दबाव बंद करने की मांग

### मार्कफेड में बड़े पैमाने पर हो रहा भ्रष्टाचारः सिन्हा

*रुद्रसेन सिन्हा ने कवर्धा जिले के संग्रहण केंद्रों का हवाला देते हुए कहा कि वहां लगभग 7 करोड़ रुपये कीमत का करीब 7 लाख 26 हजार क्विंटल धान कम पाया गया, जिसे अधिकारियों ने "चूहे खा गए" बताकर पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मार्कफेड में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। अधिकारियों के अनुसार सरकारी गोदामों में धान को चूहे, पक्षी और दीमक खा गए, जिससे केवल पिछले 10 महीनों में कवर्धा, महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली में करीब 30 करोड़ रुपये मूल्य का धान गायब बताया गया है, जो एक बड़ा सरकारी भ्रष्टाचार है।*

### आरोप : रकबा समर्पण का अनावश्यक दबाव

*उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार के उच्चाधिकारियों द्वारा किसानों पर रकबा समर्पण का अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। अब तक प्रदेश के लगभग 38 हजार किसानों से करीब 1000 हेक्टेयर रकबा दबावपूर्वक समर्पित कराया जा चुका है, जिससे सरकार का किसान विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। रुद्रसेन सिन्हा ने मांग की है कि सरकार तत्काल ऑनलाइन टोकन व्यवस्था पुनः शुरू करे, "धान को चूहे खा गए" के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कराए और किसानों पर रकबा समर्पण का दबाव तुरंत बंद करे।*

## पीएमश्री विद्यालयों के प्राचार्यों का आवासीय प्रबंधन विकास प्रशिक्षण

# परिवर्तन प्रबंधन, काउंसिलिंग-कौशल, विद्यार्थी-व्यवहार संघर्ष, समाधान और कार्ययोजना निर्माण सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

भारतीय प्रबंधन संस्थान आईआईएम रायपुर में समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्य के तीन दिवसीय आवासीय प्रबंधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर संजीव पाराशर ,प्रोफेसर रितु गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय नेतृत्व को नवाचार-समावेशी, दूर दृष्टि और मूल्य आधारित सोच के माध्यम से सशक्त बनाना था। ताकि विद्यालयों को केवल प्रशासनिक इकाई नहीं बल्कि सिखाने वाले संगठन के रूप में विकसित किया जा सके। कार्यक्रम में आधुनिक शिक्षण पद्धतियां,समावेशी शिक्षा, आईसीटी का शैक्षिक उपयोग, वित्तीय प्रबंधन, टीम निर्माण, परिवर्तन प्रबंधन, काउंसिलिंग-कौशल, विद्यार्थी-व्यवहार, संघर्ष समाधान एवं कार्य योजना निर्माण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। नवापारा के प्राचार्य फाखरा खानम दानी मैम ने बताया कि यह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके लिए केवल व्यावसायिक प्रशिक्षण नहीं बल्कि एक गहरा आत्मपरिवर्तनकारी प्रशिक्षण रहा।



***ट्रेनिंग से समझने में सहायता मिलेगी***-*प्राचार्यों ने कहा कि ट्रेनिंग से यह समझने में सहायता मिली कि विद्यालय नेतृत्व केवल प्रशासनिक नियंत्रण का विषय नहीं है बल्कि यह संवेदनशीलता, सहयोग और नैतिक उत्तरदायित्व का समन्वय भी है। वे अपने विद्यालय में सहयोगात्मक कार्य संस्कृति, सकारात्मक अनुशासन और शिक्षक नेतृत्व विकास की प्रक्रियाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में काम करेंगी।*



## खबर संक्षेप

### श्री शिव महापुराण कथा 19 से कथावाचन करेंगे पं.युवराज

**मैनपुर।** 19 जनवरी से 27 जनवरी तक 9 दिवसीय संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन ग्राम खिलोरा सेजबहार पुराना धमतरी रोड में किया जाएगा।



इसमें कथा वाचक, छत्तीसगढ़ के गौरव पंडित युवराज पाण्डेय श्री जगन्नाथ मंदिर मैनपुर अमलीपदर होंगे। श्रीमती पुष्पादेवी एवं गंगाधर अग्रवाल द्वारा इस भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रहीं हैं। दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक कथावाचन किया जाएगा। 19 जनवरी को भव्य कलशयात्र निकाली जाएगी। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओ के लिए भव्य डोम पंडाल का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर की चोरी



**नवापारा-राजिम।** पत्रकार नागेन्द्र निषाद के घर में चोरों ने सबमर्सिबल पंप में लगे 100 फीट केबल वायर को चोरी कर ले गए। वार्ड क्रमांक 1 में दो अलग-अलग स्थानों पर बोर केबल वायर की चोरी की गई। नगर पालिका के सरकारी बोर में लगे कीमती केबल वायर भी चोरों की नजर से नहीं बचे। शहर में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस की मौजूदगी और गश्त में कमी है, जिसके चलते चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। नागरिकों और व्यापारियों ने पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। श्री निषाद ने चोरी के इस घटना की रिपोर्ट थाने में की है।

### ग्राम सेमरा में आज लगेगा मड़ई मेला

**नवापारा-राजिम।** ग्राम सेमरा में आज 15 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी नवाकिरण भंडारपुर डोगरगढ़ का कार्यकम है। यह जानकारी कमलेश यदु ने दी।

### पिता-पुत्र से मारपीट

**महासमुंद।** बाइक को तेज रफ्तार चलाने से मना करने पर दो लोगों ने पिता-पुत्र की पिटाई कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को खेमलाल साव ने बताया कि 12 जनवरी की शाम वह अपने पुत्र सुनील साव के साथ रोड किनारे टहल रहे था।

## निधन

### कामेश तारक

**नवापारा-राजिम।** वार्ड नं 10 ढीमर पारा के कामेश उर्फ छोटू तारक उम्र 30 साल का निधन बुधवार सुबह हो गया। उनके अंतिम संस्कार में नगर पालिका परिषद के पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, पूर्व सभापति रमेश तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, लाला पटेल, गप्पु कहार सहित बड़ी संख्या में वार्ड एवं समाज के लोग शामिल हुए। वे विष्णु तारक के पुत्र थे।



# गाडाघाट में श्री रामचरितमानस महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

समीपस्त ग्राम गाडाघाट विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के कारण अंचल में एक धार्मिक ग्राम के रूप में जाना पहचाना जाता है यहाँ विभिन्न अवसरों पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम होते रहते है ब्रम्हलीन संत श्री सियाभुनेश्वरी शरण व्यास जी के पावन आश्रम सिरकटी धाम में मानस यज्ञ के शुभारंभ के पश्चात इसी ग्राम में विगत कई वर्षों से मानस यज्ञ का आयोजन होता आ रहा है।

- 17 जनवरी तक संपूर्ण ग्राम में चलेगा आध्यात्मिक महायज्ञ

## कलश यात्रा, हवन पूजन, प्रवचन एवं शोभायात्रा सहित विविध कार्यक्रम

### भव्य कलश यात्रा के बाद हुआ यज्ञ का शुभारंभ

13 जनवरी को शाम 4 बजे भव्य कलश यात्रा निकालकर पूरा गाँव भ्रमण किया एवं यज्ञ प्रारंभ हुआ, 14 जनवरी से नित्य कार्यक्रम सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे हवन पूजन दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती एवं दोपहर 1 बजे से प्रवचन कीर्तन, 16 जनवरी को दोपहर 3 से पूर्णाहुति, शोभायात्रा एवं विसर्जन, 17 जनवरी को गीता पाठ का कार्यक्रम संपन्न होगा। इस कार्यक्रम की जानकारी ग्राम पटेल विशु राम साहू ने दिया।आयोजन समिति समस्त ग्रामवासी गाडाघाट ने क्षेत्र के समस्त धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम के प्रदर्शन को देखने एवं अपने जीवन को धन्य बनाने तथा आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।



अखिल ब्रह्माण्ड नायक श्री सीताराम, हनुमान जी की कृपा एवं माँ असरहीन एवं सद्गुरुदेव के आशीर्वाद से एवं संतो की सद्प्रेरणा से विश्व शांति एवं आध्यात्मिक चेतना हेतू श्रीराम चरित मानस महायज्ञ का आयोजन 13 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक आयोजन किया जा रहा है। आयोजित इस यज्ञ में पधारकर संतो का दर्शन आशीष वचन एवं सतसंग का लाभ उठाकर अपने अमूल्य जीवन को सार्थक बनावे ब्रम्हलीन श्री श्री 108 संत श्री सियाभुनेश्वरी शरण व्यास जी महाराज के सूक्ष्म सान्निध्य में कृपा पात्र शिष्य महामंडलेश्वर महंत संत श्री सिया गोवर्धन शरण व्यास जी महाराज सिरकट्टी आश्रम कुटेना – पांडुका द्वारा संपन्न होगा।

### शिविरार्थियों के साथ ग्रामीणों के लिए व्यक्तत्वि निखारनें का अवसर

# युवाओं मे डिजिटल कौशल से विकसित भारत की राह होगी आसानः डॉ. प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन विकसित भारत के लिए युवा : डिजिटल साक्षरता और कौशल विकास विषय पर नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भाठीगढ में 13 जनवरी से आयोजित है। शिविर का उद्घाटन सरपंच पुष्पा नेगी के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य ड़ॉ.बी.के. प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया।

- भाठीगढ़ में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का उद्घाटन

कार्यक्रम में रासेयो प्रेरणा स्वामी विवेकानंद के पूजन व लक्ष्यगीत गायन के पश्चात रासेयो अधिकारी सनबरसन साहू ने बताया कि शिविरार्थियो सात दिनों तक सतत रूप से योग,व्यायाम,प्रभात फेरी,श्रमदान के तहत ग्राम में स्वच्छता अभियान स्कूलों में किचन गार्डन व हेंड पंम्पों में सोख्ता गढ्ढे निर्माण के साथ–साथ बौध्दिक चर्चा एवं समसामयिक विषयों पर्यावरण संरक्षण वृक्षारोपण, स्वच्छता, जनसंख्या नियंत्रण, मतदाता जागरूकता आदि में चर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से योजना के उद्देश्यों को प्राप्त करनें का प्रयास करेंगे। अपने विचार व्यक्त करते हुए उपसरपंच राजेन्द्र नागेश ने ग्रामीणों को जागरूकता बनाये रखने का आह्वान करते हुए शिविर को ग्रामीणों का सौभाग्य बताया, व्याख्याता गोविंद पटेल ने व्यक्ति को समय पर कार्य करने व जीवन सुखी बनाने की बात कही। शिक्षक तरूण साहू ने अपनें शिविरार्थी जीवन को याद करते अनुशासित रहकर विकास करने की बात कही । ग्राम समिति अध्यक्ष हरिचन्द्र नेगी ने शिविरार्थियों को स्व विकास के साथ–साथ सामाज विकास पर जोर देने का आह्वान किया।

अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. बी.के. प्रसाद ने कहा कि आज एआई और डिजिटल शिक्षा का जमाना है, इसीलिए भारत सरकार द्वारा विकसित भारत के लिए युवा : डिजिटल साक्षरता और कौशल विकास विषय पर शिविर लगाया गया है, युवाओं को सतत परिश्रम करना होगा तभी विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है, रासेयो शिविर में अच्छे सामाजिक जीवन की तैयारी होती है। मुख्य अतिथि सरपंच पुष्पा नेगी ने शिविरार्थियों को स्व विकास के साथ–साथ सामाज विकास पर जोर देते हुए शिविर में शिविरार्थियों के साथ ग्रामीणों के लिए व्यक्तत्वि निखारनें का अवसर बताया। सरपंच प्रतिनिधि डाकेष्वर नेगी ने रासेयो से अपनी क्षमता संवर्धन कर समाज के कुरीतियों को दूर करनें व अपनी प्रतिभा से समाज व राष्ट्र को गौरवान्वित करनें की बात कही। समारोह का संचालन सह अधिकारी संजय रामटेके एवं आभार प्रदर्शन जयश्री वर्मा ने किया।





### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में जनपद सदस्य जमुना नेगी, ग्राम समिति अध्यक्ष हरिचन्द्र नेगी,उपसरपंच राजेन्द्र नागेश, जनभागीदारी के पूर्व अध्यक्ष डाकेष्वर नेगी पंच मीना बाई नेगी, व्याख्याता गोविंद पटेल , शिक्षक तरूण साहू वरिष्ठ नागरिक विरेन्द्र साहू, राजेन्द्र साहू, प्राध्यापक गायत्री मरकाम, माधुरी साहू, आंचल शुक्ला, प्रेमलाल साहू, संगीता टोडर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# खेल मैदान में धान का अतिक्रमण, बच्चों के खेलकूद पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला के खेल मैदान में खरीफ विपणन वर्ष 25 - 26 समर्थन मूल्य धान खरीदी की जा रही है। ज्ञात हो कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पंजीयन क्रमांक 1769 उपार्जन केन्द्र रसेला के उपार्जित केन्द्र में बफर लिमिट से अधिक की खरीदी हो चुकी है। और खरीदी केंद्र में धान परिवहन नहीं होने के चलते समिति को खेल मैदान में धान खरीदी करना पड़ा। 13 जनवरी के स्थिति में खेल मैदान में 99 हजार 5 सौ 33 बोरा मैदान में रखा हुआ है।

- ग्रापं, हाईस्कूल व माध्यमिक शाला ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

आगामी दिनों में संकुल स्तरीय खेलकूद का आयोजन होना, इसके लिए ग्राम पंचायत और हाईस्कूल व माध्यमिक शाला ने पत्र के माध्यम से जिला कलेक्टर, जिला विपणन अधिकारी, शाखा प्रबंधक छुरा को 14 जनवरी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें जिला विपणन अधिकारी ने जल्द से जल्द धान उठाव की आश्वासन दिया गया है। धान की परिवहन की सुस्त गति से यहां नौबत आ रहा है। अगर धान का परिवहन सही समय में किया होता तो बच्चों के खेल मैदान में धान खरीदी की नौबत ही नहीं आती।यह हालात किसी प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि सिस्टम की लापरवाही और समय पर उठाव न होने का नतीजा प्रतीत होता है। जिसकी वजह से सरकारी खजाने को करोड़ों की चपत लगती है। खुले मैदान में रखी धान नमी और धूप के बीच लंबे समय तक पड़ा हुआ है। आगे देखना होगा कि खेल मैदान का धान परिवहन होता है या बच्चों खेल से वंचित होंगे।



# रामकृष्ण दूसरी बार मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त, कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज : मैनपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव को नियुक्त किये जाने पर कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय हमर मैनपुर चौक में एकत्र होकर पहले तो श्री ध्रुव का फुलमाला के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया फिर एक घंटे तक जमकर आतिशबाजी कर खुशिया मनाते हुए रैली निकाली इस दौरान जमकर नारेबाजी किया गया।

अखिल भारती कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने आज बुधवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की सूची जारी किया है लंबे इंतजार के बाद यहां सूची जारी किया गया जिसमें गरियाबंद जिले के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव को नियुक्त किया गया है ज्ञात हो की इसके पूर्व भी रामकृष्ण ध्रुव मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद का बखूबी निर्वहन निर्वाह कर रहे थे। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, आदिवासी कमार नेता पिलेश्वर सोरी, लिकेश यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, तीवकुमार सोनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जाकिर रजा, सामंत शर्मा, शाहिद मेमन, डोमार साहू, रोहन मरकाम, इम्तियाज मेमन, दुलेन्द्र नेगी, भिलेश्वर ध्रुव, टिकेन्द्र नेताम, संजय देववंशी, धनेश्वर पटेल, मनीश पटेल, नंदकिशोर पटेल, उवेश भट्टी, लोचन निर्मलकर, दयाराम यादव, अफजल खान, त्रिभुवन पटेल एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### जिम्मेदारी पर बखूबी खरा उतरने का किया जायेगा प्रयासः ध्रुव

इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा एवं बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा पार्टी संगठन द्वारा उन्हे दूसरी बार मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिया गया है पार्टी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दिये गये जिम्मेदारी पर बखुबी खरा उतरने का प्रयास किया जायेगा। श्री ध्रुव ने कहा कांग्रेस पार्टी के विचारधारा को गांव – गांव तक पहुंचाने और राज्य सरकार के असफलताओ के खिलाफ लगातार उनका संघर्ष जारी रहेगा।

### दो मोटर साइकिल में भिड़ंत, घायलों को अस्पताल पहुंचाया भाजपा नेता ने

**मैनपुर।** कुल्हाड़ीघाट- मैनपुर मार्ग में बुधवार देर शाम रात 7:30 बजे के आसपास दो मोटर साइकिल में भिड़त हो गई। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। इस दौरान एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचने के कारण क्षेत्र के दौरे से लौट रहे भाजपा जिला संयोजक रूपेश साहू ने अपने कार से दोनों घायल युवकों को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया और तत्काल उपचार प्रारंभ करवाया। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर कुल्हाड़ीघाट मार्ग में नवमुड़ा के पास दो मोटर साइकिल में जबरदस्त टक्कर हो गई। इसमें महेन्द्र नेताम ग्राम सरनाबहाल एवं तुहामेटा निवासी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के सिर, पैर, हाथ में गंभीर चोटें आईं हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है।



# मकर संक्रांति पर विधायक ने किया हरिभूमि वार्षिक कैलेंडर-2026 का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

हरिभूमि दैनिक अख़बार के 2026 वार्षिक कैलेंडर हरिभूमि रायपुर संस्करण सहायक महाप्रबंधक निलेश द्विवेदी के मार्गदर्शन में संकलन प्रस्तुति प्रज्ञा न्यूज एजेंसी छुईहा बेलर संवाददाता भागीरथी सिन्हा द्वारा आयोजित विमोचन कार्यक्रम के तहत कैलेंडर जन जन तक पहूंच रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक राजिम रोहित साहू जी के कर-कमलों से मकर संक्रांति 14 जनवरी को सम्पन्न हुआ। विधायक रोहित साहू ने कहा कि पाठकों के निरंतर स्नेह और विश्वास से हरिभूमि निरंतर नई ऊँचाइयों को छूता रहे, निष्पक्ष पत्रकारिता, जनहित , समाजिक सरोकार के लिए हरिभूमि की यही मेरी मंगलकामना है। कैलेंडर में दो साल की जानकारी व शासन की उपलब्धियों से जोड़ने के लिए सराहा गया। इस अवसर में जनपद उपाध्यक्ष सतीष यादव, शासकीय महाविद्यालय फिंगेंश्वर अध्यक्ष राजु साहू, भाजपा नेता रामाधार साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष , विधायक निज साहयक किशोर साहू, पन्ना साहू,डा. रमाकांत साहू, राजिम,फिंगेश्वर,छुरा, के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर हरिभूमि परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

- कैलेंडर में दो साल की जानकारी और सामाजिक-सांस्कृतिक तिथियों का समावेश
- क्षेत्रीय नेताओं ने दी शुभकामनाएं



### हरिभूमि के प्रयास को क्षेत्रवासियों ने सराहा

जनपद उपाध्यक्ष फिंगेंश्वर सतीष यादव, शासकीय महाविद्यालय फिंगेंश्वर अध्यक्ष राजु साहू ने कहा कहा कि यह कैलेंडर महत्वपूर्ण तिथियों के साथ-साथ सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों से भी जोड़ता है। कार्यक्रम में शामिल पुर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू ने कहा हरिभूमि परिवार को इस अच्छे प्रयास के लिए शुभकामनाएं और बधाई दीं। इस अवसर पर निषाद समाज जिला अध्यक्ष मोती राम निषाद बिजली, सरपंच पद्मा निषाद बिजली ने कहा कि कैलेंडर न केवल वर्षभर की महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी देता है, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों से भी लोगों को जोड़ता है। जनपद सभापति नंदू यादव बिजली युवा नेता डा. रमाकांत साहू ने कहा विश्वसनीय पत्रकारिता की सराहना करते हुए वर्ष 2026 के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### बलरामपुर बिरोड़ा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

# धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए ठाकुरजी ने लिया था अवतारः पंडित भागीरथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम बलरामपुर (बिरोड़ा) में गुरु पंचांग परिवार के तत्वावधान में स्वर्गीय नोहर राम साहू (नोहर टेलर्स) के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया गया है।इस पावन अवसर पर व्यासपीठ से प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित भागीरथी तिवारी (काकू महाराज) अपने सुमधुर स्वर और संगीतमय शैली में भक्तों को भागवत कथा का अमृतपान करा रहे हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसमें धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश का संदेश दिया गया।वहीं रुक्मिणी विवाह की कथा के माध्यम से भगवान कृष्ण और रुक्मिणी के पवित्र प्रेम,निष्ठा और आदर्श दांपत्य जीवन का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया गया। चरित्र की कथा ने मित्रता, सादगी और निष्काम भक्ति का अनुपम उदाहरण रखते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।कथा श्रवण के दौरान पूरा वातावरण भक्ति,श्रद्धा और संगीतमय रस में डूबा रहा।बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं और स्व.नोहर राम साहू के पुण्य स्मरण के साथ आध्यात्मिक शांति की अनुभूति कर रहे हैं। श्रीमद भागवत महापुराण कथा के मुख्य आयोजनकर्ता फणेश्वर साहू,थानेश्वर साहू,नेहरू साहू, लखन लाल साहू,रेवा राम साहू,परसू राम साहू,भेखराम साहू,अनिल साहू, युगलकिशोर साहू,गजेन्द्र साहू,उत्तम साहू,पिंटू साहू ने इस दिव्य आयोजन को सफल बनाने और अपना निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए समस्त ग्रामवासियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुवे उनका आभार प्रकट किया है।







